पंजाब केसरी 18/08/2023

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

अम्बाला, 17 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने पहले महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और बाद में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एन.सी.सी. कैडेट्स ने भव्य परेड का आयोजन करते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दी।

अपने भाषण में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि गुलामी की जंजीरें तोड़कर भारत आज बहुत उन्नति कर चुका है और आज का दिन हमें अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों की कुर्बानियों की याद दिलाता है। समारोह में संगीत विभाग की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एन.सी.सी. कैडेट्स की पीपिंग सैरेमनी भी हुई जिसमें एन.सी.सी. ब्वॉयज विंग के इंचार्ज कैप्टन डा. एस.एस. नैन और गर्ल्स विंग की इंचार्ज डा. तृप्ति शर्मा ने कैडेट्स को विभिन्न रैंक से अलंकृत किया। इनमें रजत रानी सीनियर अंडर ऑफिसर, नीतू अंडर ऑफिसर, महक सार्जेंट, महकप्रीत सिह सीनियर अंडर ऑफिसर, अंकित अंडर ऑफिसर, प्रियांशु पाल ए.ओ.यू., राघव वैद सी.एस.एम. और गीतांश भास्कर सी.क्यू.एम.एस. शामिल रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

समारोह के दौरान एन.सी.सी. कैडेट को रैंक प्रदान करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)